सामाजिक सरोकारों के साथ स्वर्गीय राजेश पायलट की पुण्यतिथि मनाई

■ पीसीसी मेंबर क्रांति तिवारी के नेतृत्व में युवा कामगारों को टिफिन वितरित किये

कोटा, (निसं)। किसानों के मसीहा जननायक स्व.राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर 11 जून को प्रेरणा दिवस के रूप में माना जाता है। स्वर्गीय राजेश पायलट जो किसानों के मसीहा माने जाते है, जिन्होंने अपना जीवन किसानों के विकास के लिए लगाया था उनसे प्रेरणा लेकर प्रेरणा दिवस पर पीसीसी मेंबर क्रांति तिवारी के द्वारा हर वर्ष अलग-अलग सामाजिक कार्य लंबे समय से किए जा रहे हैं।

इस बार 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर प्रेरणा दिवस पर तिवारी ने ब्लिंकिट के युवा कामगार श्रमिक जो दिन भर लोगों को उनके जरूरी सामानों को उनके घर पर जाकर डिलीवरी करते हैं, लोगों को कड़ी धूप में जा जाकर घरों पर डिलीवरी करते हैं। आर्थिक दृष्टि से कमजोर युवा जो सिक्योरिटी गार्ड है, उनको खाने के टिफिन जिसमें खाना कई घंटों तक गर्म रहता है वितरित किए गए।

इस मौके पर राजेश पायलट अमर रहे, राजेश पायलट के नारे लगाकर पुण्यतिथि पर यह सामाजिक कार्य किया। शहर के अलग-अलग स्थान पर जहां ब्लिंकिट कम्पनी के कामगार युवाओं और सिक्योरिटी गार्ड को टिफिन उपलब्ध करवाये। पीसीसी मेंबर क्रांति तिवारी ने कहा कि स्व.राजेश पायलट ने अपना पूरा जीवन गरीब किसानों मजदूरों के उत्थान के लिए लगाया और वह हमारे सच्चे प्रेरणा स्रोत है। वह हमारे दिलों में हमेशा अमर रहेंगे। उनसे यही प्रेरणा मिलती है कि हमेशा गरीबों के लिए उनके हक के लिए जो भी बन सके जो भी करना हो वह कार्य हमेशा करते रहना चाहिऐं। इस अवसर पर मुख्य रूप से शहर कांग्रेस महासचिव एडवोकेट मनीष गुर्जर, धीरेन्द्र शर्मा, हर्ष शर्मा, तौसीफ खान, अशोक मेघवाल, दीपक मीणा, अजय खजोतिया, देवेन्द्र सिंह हाडा, सौरभ विजय, विपिन सक्सेना, कमल सिंह भाटी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्व. राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गुर्जर समाज द्वारा श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुर्जर समाज के प्रबुद्धजनो द्वारा स्व.पायलट के जीवन पर अपने विचार रखे। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय में श्रंद्धाजलि सभा का आयोजन बुधवार को प्रात:10.30 बजे किया गया कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यर्पण कर वहीं पर गोष्ठी का आयोजन भी किया जिसकी अध्यक्षता शहर कांग्रेस के उपाध्यक्ष जगदीश ठाड़ा ने की।

इस मौके पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र त्यागी ने अपने संदेश में कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.राजेश पायलट कांग्रेस महान सर्वप्रिय नेता के रूप में जाने जाते थे वह एक किसान नेता भी थे उनकी कार्यशैली सबको प्रभावित करती थी।

खड़े ट्रोले में घुसी इनोवा, एक की मौत दो घायल

झालावाड़, (निसं)। झालावाड़ के भंवरासा के निकट नई सड़क पर भंवरसा मोड़ के समीप मध्य प्रदेश की तरफ जा रही एक इनोवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े हुए ट्रोले में जा घुसी, टक्कर इतनी भयानक थी कि इनोवा के परखच्चे उड़ गए, वहीं इनोवा में सवार ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों घायल एवं मृतक ड्राइवर मध्य प्रदेश के भोपाल के बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार भोपाल की एलएन मालवीय इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत दो कर्मचारी ड्राइवर के साथ इनोवा कार में सवार होकर कोटा आए थे, जहां से वह अपना काम निपटाकर वापस लौट रहे थे कि भंवरासा मोड के निकट सड़क किनारे खड़े हुए ट्रोले से उनकी तेज रफ्तार इनोवा टकरा गई। घटना में इनोवा कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद एंबुलेंस की सहायता से इनोवा सवार तीनों लोगों को निकाल कर झालावाड़ के एस आर जी अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक जांच के पश्चात चिकित्सकों ने ड्राइवर बंटी को मृत घोषित कर दिया। मृत बंटी के शव को झालावाड़ के एस आर जी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। जहां उसका पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। वही इनोवा कर में सवार संदीप उपाध्याय एवं संजय त्रिवेदी निवासी भोपाल गंभीर रूप से घायल है जिसमें से संदीप को कोटा रैफर कर दिया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्घटना में घायल एवं मृतक मध्य प्रदेश के भोपाल की एलएन मालवीय इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी बताए गए हैं, जो किसी आवश्यक कार्य से कोटा आए थे जहां से लौटते समय भंवरासा के निकट यह हादसा हो गया।

सार-समाचार

पीएनबी द्वारा आवास योजनाओं के प्रचार हेतु प्रचार वाहन को रवाना किया

कोटा, (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) एवं पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के संयुक्त प्रयास से आमजन को किफायती आवास योजनाओं की जानकारी देने एवं आवास ऋण उपलब्ध कराने हेतु एक विशेष प्रचार वाहन को बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन कोटा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों को आवास ऋण योजनाओं की जानकारी देगा। इस अवसर पर कोटा विकास प्राधिकरण के आयुक्त ऋषभ मंडल, सचिव कुशल कुमार कोठारी, वित्त निदेशक नीतू सिंह, उपायुक्त मालविका त्यागी एवं पंजाब नैशनल बैंक के मंडल प्रमुख आशुतोष दुबे सहित कोटा शहर के सभी शाखा प्रबंधक एवं अधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। कोटा विकास प्राधिकरण के आयुक्त ऋषभ मंडल ने बताया कि शहर में आवास की आवश्यकता को देखते हुए यह अभियान नागरिकों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। पंजाब नैशनल बैंक के मंडल प्रमुख आशुतोष दुबे ने आशा जताई कि इस प्रचार अभियान से नागरिकों में जागरूकता बढ़ेगी और वे योजनाओं का लाभ उठाकर अपने घर का सपना पूरा कर सकेंगे।

सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध कार्यवाही

रामगंजमण्डी, (निसं)। नगर पालिका क्षेत्र के मुख्य बाजारों का 11 जून बुधवार को नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी तरूण लहरी के निर्देशानुसार पालिका टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें राज्य सरकार द्वारा प्रतिबंधित सिंगलयुज प्लास्टिक की रोकथाम हेतु कार्यवाही की गई व लोगों को जागरूक किया गया। सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने, दुकानदार व ठेले वाले दुकानों पर कचरा पात्र रखे व खुले में गुटखा तम्बाकू थूकने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया गया। साथ ही इस बात की समझाईश की गई और इनका उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही की जावेगी। कार्यवाही के दौरान सफाई प्रभारी हरिओम मेघवाल, अतिक्रमण प्रभारी संदीप मेहरा एम.आई.एस. हेमन्त सिंह, जमादार विजय सरसिया, प्रदीप दावरे, योगेश घाटोड, सहायक कर्मचारी राजेन्द्र सरसिया, विष्णु कुमार व भैरूलाल टेलर सहित आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

पालिकाध्यक्ष का कार्यकाल दो माह बढ़ाया

रामगंजमण्डी, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर बुधवार को नगरी विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने पिछले दो माह के कार्यकाल में किए गए व किए जा रहे विकास कार्यों को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अकलेश मेड़तवाल का कार्यकाल 60 दिवस के लिए और बड़ा दिया है।

कोटा के महेंद्रसिंह चौहान ने चौथी बार 'आयरनमैन' का खिताब जीता

कोटा, (निसं)। अपनी कर्मभूमि कोटा एवं जन्मभूमि राजस्थान के जोधपुर जिले के छोटे से गांव-सर के निवासी महेन्द्रसिंह चौहान और उनकी धर्मपत्नी मीना कंवर ने हाल ही में यूरोप के एक देश जर्मनी के हैम्बर्ग शहर में आयोजित आयरनमैन-2025 प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें महेंद्र सिंह चौहान ने शानदार प्रदर्शन कर आयरनमैन-2025 का खिताब अपने नाम किया। महेंद्र सिंह चौहान ने इस प्रतियोगिता में 3.8 किमी स्विमिंग, 180 किमी साइक्लिंग, 42.2 किमी रनिंग को 14 घंटे 23 मिनट में पूरा किया। महेंद्र सिंह चौहान जो कि कोटा में वाइब्रेंट अकेडमी के डायरेक्टर व सोशल वर्कर भी है जो की बच्चों को कठिन परिश्रम के साथ उच्च शिक्षा प्रदान कराते है साथ-साथ उनकी पत्नी मीना कंवर भी एक सोशल वर्कर हैं। चौहान के द्वारा लगातार 4 वर्ष से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जर्मनी में कोटा एवं जोधपुर का नाम रोशन किया।

खेल मैदान में हैण्डपम्प लगने का कार्य शुरू

■ कस्बे वासियों ने विधायक का आभार जताया

छबड़ा (निसं)। विधायक कोष से यहां के खेल मैदान में हैण्डपम्प लगाए जाने का कार्य बुधवार से शुरू हो गया। भाजपा कार्यकर्ताओं, खेल प्रेमियों सहित कस्बेवासियों ने विधायक प्रतापसिंह सिंघवी का आभार व्यक्त किया।

लम्बे अरसे से खेल मैदान में पेयजल की समस्या थी। जिसे विधायक सिंघवी ने गंभीरता से लेते हुए विधायक कोष से हैण्डपम्प स्वीकृत किया था। जिससे सम्बंधित कार्य जलदाय विभाग द्वारा बुधवार से शुरू कर दिया हैं। इससे आमजन, खिलाड़ियों व घूमने आने वाले लोगो को राहत मिलेगी।

सेना एवं पुलिस भर्ती के लिए करते है तैयारी:- यहां प्रतिदिन रोजाना पुलिस एवं सेना भर्ती के साथ शारीरिक क्षमता वाली अन्य प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राएं यहां विभिन्न व्यायामो के तहत जमकर पसीना बहाते हैं।

खिलाड़ी प्रतिदिन करते है प्रेक्टिस:- यहां के खेल मैदान में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी खिलाडी यहां आकर अभ्यास करते हैं और विभिन्न खेल प्रेमी भी यहां पहुंचते हैं।

बड़ी संख्या में घूमने आते है लोग:- स्कूली छात्र-छात्राएं गर्मी के छुट्टियां में खेल मैदान में मनोरंजनात्मक खेल खेलते हैं। वही, सुबह और शाम बड़ी संख्या में महिला पुरूष घूमने आते हैं।

होते हैं कई धार्मिक, सामाजिक आयोजन:- खेल मैदान में विभिन्न प्रकार के धार्मिक, सामाजिक व राजकीय आयोजन किए जाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में आमजन की सहभागिता होता हैं। यहां हैण्डपंप लगने से सभी को राहत मिलेगी और पेयजल के लिए परेशान नही होना पड़ेगा। इस अवसर पर जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता सोहनलाल शर्मा, सीबीईओ ओमप्रकाश गालव, पूर्व पार्षद रितेश शर्मा मौजूद रहे।

राहुल गांधी ने कांग्रेस को तीन चौथाई खत्म कर दिया है : डॉ राधा मोहनदास अग्रवाल

कोटा, (निसं)। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए शासन को 11 साल हो गए। भाजपा इसकी उपलब्धियां बताने के लिए देशभर में कार्यक्रम कर रही है।

इसी क्रम में कोटा में राज्यसभा सांसद, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व राजस्थान प्रभारी डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए राहुल गांधी और कांग्रेस पर तंज कंसा। डॉ. अग्रवाल ने एक सवाल के जवाब में कहा कि राहुल गांधी ने कांग्रेस को तीन चौथाई खत्म कर दिया है। बची हुई को भी खत्म करेंगे। ईश्वर उनकी इच्छाशक्ति बढ़ाए पदहम उनके आभारी रहेंगे। डॉ.अग्रवाल ने ऑपरेशन सिंदूर को लेप्रोस्कोपिक सर्जरी का नाम दिया और कहा कि किस तरह से बिना देश की सीमा को लांघे हुए पाकिस्तान में 11 जगह पर हमले किए गए। जिनमें 9 एयरबेस थे जहां पर भारी नुकसान किया गया है।

पाकिस्तान के हमले को हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकामयाब कर दिया। इस दौरान उनसे पूछा गया कि ऑपरेशन सिंदूर पर कई सवाल खड़े किए जा रहे हैं। जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस का नेतृत्व राहुल गांधी के हाथ में ही रहे। ईश्वर उन्हें लंबी उम्र दे। उन्होंने कांग्रेस को तीन चौथाई खत्म कर दिया है। अब एक चौथाई बची है। जिसको भी राहुल गांधी खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के बयानों से जनता के मन में भारी गुस्सा भरा हुआ है। यह व्यक्ति पूरी की पूरी कांग्रेस को समाप्त करने पर जुटा हुआ है। भगवान इसकी इच्छा शक्ति बढ़ाए हम इसके आभारी होंगे। अपनी इसी बाल बुद्धि से लगातार देश के विरोध में बोलते रहें। इस दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी, प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा और जिला अध्यक्ष राकेश जैन मौजूद रहे। इस दौरान अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत और पाकिस्तान के युद्ध को रोकने के ट्वीट पर डॉ.राधा मोहन दास अग्रवाल ने तंज कंसा। उन्होंने कहा कि ट्रंप बिना कारण ही श्रेय ले रहे हैं।

कार्यालय नगर पालिका केशवराय पाटन जिला बून्दी (राज.)

क्रमांक: 745-47 दिनांक: 10.06.2025

आपत्ति सूचना पत्र

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि श्रीमती गीता मालव पत्नी रामप्रसाद मालव निवासी के. पाटन तहसील के. पाटन जिला बून्दी द्वारा पत्रावली प्रस्तुत कर स्वयं का पट्टा शुदा भूखण्ड पट्टा संख्या 400 दिनांक 16.01.2023 साईज 987 वर्गफीट वाके रश्मि विहार कॉलोनी के. पाटन पर स्वयं के नाम भूतल/ग्राउण्ड फ्लोर निर्माण हेतु भवन निर्माण स्वीकृति चाही गई है। उक्त पट्टा शुदा भूखण्ड पर श्रीमती गीता मालव पत्नी रामप्रसाद मालव निवासी के. पाटन तहसील के. पाटन जिला बून्दी के नाम भूतल/ग्राउण्ड फ्लोर निर्माण हेतु भवन निर्माण स्वीकृति देने में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो मय साक्ष्य सबुत के अन्दर अवधि 07 योम में इस पालिका में प्रस्तुत कर सकते है। बाद गुजरने अवधि उक्त पट्टे पर श्रीमती गीता मालव पत्नी रामप्रसाद मालव निवासी के. पाटन तहसील के. पाटन जिला बून्दी के नाम भूतल/ग्राउण्ड फ्लोर निर्माण हेतु भवन निर्माण स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। सूचित हो।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका के.पाटन

कार्यालय नगर पालिका केशवराय पाटन जिला बून्दी (राज.)

क्रमांक: 745-47 दिनांक: 10.06.2025

आपत्ति सूचना पत्र

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि श्रीमती गीता मालव पत्नी रामप्रसाद मालव निवासी के. पाटन तहसील के. पाटन जिला बून्दी द्वारा पत्रावली प्रस्तुत कर स्वयं का पट्टा शुदा भूखण्ड पट्टा संख्या 402 दिनांक 16.01.2023 साईज 1000 वर्गफीट वाके रश्मि विहार कॉलोनी के. पाटन पर स्वयं के नाम भूतल/ग्राउण्ड फ्लोर निर्माण हेतु भवन निर्माण स्वीकृति चाही गई है। उक्त पट्टा शुदा भूखण्ड पर श्रीमती गीता मालव पत्नी रामप्रसाद मालव निवासी के. पाटन तहसील के. पाटन जिला बून्दी के नाम भूतल/ग्राउण्ड फ्लोर निर्माण हेतु भवन निर्माण स्वीकृति देने में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो मय साक्ष्य सबुत के अन्दर अवधि 07 योम में इस पालिका में प्रस्तुत कर सकते है। बाद गुजरने अवधि उक्त पट्टे पर श्रीमती गीता मालव पत्नी रामप्रसाद मालव निवासी के. पाटन तहसील के. पाटन जिला बून्दी के नाम भूतल/ग्राउण्ड फ्लोर निर्माण हेतु भवन निर्माण स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। सूचित हो।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका के.पाटन

कोटा विकास प्राधिकरण

क्रमांक:- एफ 7/डीएटीपी0/2025/46-50 -: विज्ञप्ति :- दिनांक: 10.06.2025

राज्य सरकार द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन के बनाये गए नियमों /प्रपत्रों के अन्तर्गत एवं राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.2.2021 के क्रम में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भू-उपयोग परिवर्तन प्रकरण, भू-उपयोग परिवर्तन करने हेतु कोटा विकास प्राधिकरण में विचाराधीन है, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है, के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में कोटा विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	भूखण्ड सं0/योजना का नाम	योजना/मास्टर प्लान अनुसार भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षैत्रफल
1.	श्री जितेन्द्र कुमार व्यास	भूखण्ड संख्या 22. योजना स्टोन मंडी, अननपुरा, कोटा	स्टोन मंडी (व्यवसायिक)	सामान्य व्यवसायिक	278.71 वर्गमीटर

सचिव कोटा विकास प्राधिकरण

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-241 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-9.6.25

नगर विकास न्यास कोटा की योजना टैगोर नगर घरोंदा योजना के भूखंड/आवास संख्या 37-FF श्रीमती उर्मिला गौड पत्नी श्री बृजेन्द्र नाथ गौड को आवंटन/नीलामी न्यास के पत्र दिनांक 05.07.2006 के द्वारा आवंटन जारी किया गया था। आवंटी श्रीमती उर्मिला गौड की मृत्यु दिनांक 09.01.2023 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान हकदार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिसान शपथ पत्र, राशन कार्ड, शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास अपने नामहस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: प्राप्त विधिक राय अनुसार जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास 37-FF टैगोर नगर घरोंदा योजना का नाम हस्तान्तरण क्षेमेन्द्र गौड पुत्र स्व. श्री बृजेन्द्र नाथ गौड के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-242 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-9.6.25

नगर विकास न्यास कोटा की योजना टैगोर नगर घरोंदा योजना के भूखंड/आवास संख्या 91-GF श्री गुरुबक्श पुत्र श्री हरजस राय को आवंटन/नीलामी न्यास के पत्र दिनांक 19.07.2006 के द्वारा आवंटन जारी किया गया था। आवंटी श्री गुरुबक्श की मृत्यु दिनांक 02.01.2022 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान हकदार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड, वारिसान शपथ पत्र, राशन कार्ड, शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास अपने नामहस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: प्राप्त विधिक राय अनुसार जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास 91-GF टैगोर नगर घरोंदा योजना का नाम हस्तान्तरण श्री नीरज रामचंदानी पुत्र स्व. श्री गुरुबक्श के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

अतिक्रमण हटाए

कोटा, (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण के आयुक्त ऋषभ मंडल के निर्देशानुसार बुधवार को कोटा विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा गोविंदपुरा बावड़ी व बल्लोप में सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। अतिक्रमियों द्वारा कोटा विकास प्राधिकरण के गोविंदपुरा बावड़ी व बल्लोप में 25 बीघा भूमि तथा गोरधनपुरा में 19 बीघा भूमि पर अवैध पत्थर कोट कर अतिक्रमण कर रखा था जिसको बुधवार को हटाया गया।

खोया पाया

अब्दुल हमीद पुत्र बदरुद्दीन 7 E-75 विज्ञान नगर विस्तार योजना, कोटा का निरस्तीकरण, नियमितीकरण व अदेय प्रमाण पत्र गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें।

मो. 8107285157

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम रितुबाला से बदलकर रितुबाला लखोटिया रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-रितुबाला लखोटिया पत्नि पुरषोत्तम लखोटिया ए-199 रिद्धि-सिद्धि नगर कुन्हाडी, कोटा

पश्चिम मध्य रेल

मुख्य कारखाना प्रबन्धक,
माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा
निविदा सं. S-234-2025-COAC-Ten-01
दिनांक 09.06.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी मु. का. प्र., माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा निम्नलिखित कार्य की ई- निविदा आमंत्रित करते है :- **टेण्डर स. S-234-2025-COAC-Ten-01, कार्य का विवरण:** माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा प.म.रे. में कट ऑफ एंगल कॉक की ओवरहालिंग और परीक्षण। **अनुमानित लागत रूपये में:** रू. 31,68,000.00/-, निविदा प्रपत्र राशि रु रूपये मे: निल, **बयाना राशि रूपये में:** रू. 63,400.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह, **निविदा बंद/बोलने की तारीख और समय:** बंद होगा 11:30 बजे दिनांक 01.07.2025 एवं खोला जाएगा 12:00 बजे दिनांक 01.07.2025, ई-निविदा वेबसाईट https://ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है तथा मुख्य कारखाना प्रबन्धक कार्यालय कोटा के प्रगति के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई निविदा के माध्यम से इसी वेबसाईट पर स्वीकार किये जायेगें। इस निविदा के लिये मैनुअल ऑफर स्वीकार नही किये जायेंगे। यदि कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

(हस्ता.)
उप मुख्य यांत्रिक इंजी.-II
मा.डि.म. कारखाना, प.म.रे. कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर